आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखंड)
गुरुवार 30.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार–

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। नैनीताल में वन पंचायत प्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायतों और शहरी निकायों के निर्वाचित सदस्यों को किया संबोधित।
- जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार और उत्तराखंड, कर्नाटक तथा त्रिपुरा के बीच सुधार संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
- प्रदेश में मादक पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर नार्को समन्वय केंद्र बैठकों को निर्धारित समय सीमा पर नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश।
- हरिद्वार में नगर निगम ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्ती: 15 कर्मियों को नोटिस जारी।

## आह्वान

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जनभागीदारी और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली बेहद जरूरी है। श्री बिरला आज नैनीताल स्थित डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में वन पंचायत प्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायतों और शहरी निकायों के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का सम्मान करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता के लिए आवश्यक है। उन्होंने उत्तराखंड की वन पंचायतों को सामुदायिक भागीदारी आधारित वन प्रबंधन का सफल मॉडल बताते हुए कहा कि ये वन संरक्षण के साथ रोजगार सृजन में भी योगदान दे रही हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वन और वन्यजीवों का संरक्षण स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं और वन पंचायतों से जनभागीदारी बढ़ाने और पर्यावरण अनुकूल आजीविका के अवसर विकसित करने का आह्वान किया।

संवाद के दौरान प्रतिनिधियों ने वनाग्नि रोकथाम, वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग से जुड़े मुद्दे उठाए, जिन पर उन्होंने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट भी मौजूद रहे।

## समझौता ज्ञापन

जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के तहत केंद्र सरकार और उत्तराखंड, कर्नाटक तथा त्रिपुरा के बीच सुधार संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सतत और बेहतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

समझौता ज्ञापन के तहत ग्राम पंचायत आधारित सेवा–केंद्रित और समुदाय की भागीदारी वाले जल प्रबंधन मॉडल को लागू किया जाएगा, जिससे हर ग्रामीण परिवार को पर्याप्त और निर्धारित गुणवत्ता का पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा सके।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में आयोजित बैठकों में इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उत्तराखंड के साथ हुए समझौते में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी जुड़े रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने का एक महत्वपूर्ण अभियान बन चुका है और इसका उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मिशन की समयसीमा को बढ़ाकर दिसंबर 2028 तक कर दिया गया है, ताकि शत–प्रतिशत कवरेज हासिल किया जा सके।

उन्होंने राज्यों से ग्राम स्तर पर जल आपूर्ति प्रणालियों के बेहतर संचालन और रखरखाव पर जोर देने को कहा। साथ ही जनभागीदारी बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में जल जीवन मिशन के तहत अधिकांश घरों तक नल जल कनेक्शन पहुंच चुका है और इस समझौते से कार्यों में और तेजी आएगी।

बोर्ड अधिवेशन

देहरादून नगर निगम में आज महापौर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षता में चौथा बोर्ड अधिवेशन आयोजित किया गया। बैठक में विधायक बृजभूषण गैरोला, पार्षदगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिवेशन की शुरुआत पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई, जिसके बाद शहर के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर भी विचार किया गया।
बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। किन्नरों द्वारा मांगी जाने वाली बधाई धनराशि की अधिकतम सीमा पांच हजार एक सौ रुपये तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही हर वार्ड में पर्यावरण मित्रों का समान वितरण सुनिश्चित करने की घोषणा की गई।
अधिवेशन की शेष कार्यवाही आज पूर्वाह्न 11 बजे फिर से शुरू होगी।

मादक पदार्थ प्रभावी नियंत्रण

प्रदेश में मादक पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर नार्को समन्वय केंद्र–एनकोर्ड बैठकों को निर्धारित समय सीमा पर नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और जिलों को निर्देश दिए हैं कि अगले 15 दिनों में मादक पदार्थों के खिलाफ एक वर्ष का राज्य और जनपद स्तर का रोडमैप तैयार कर सचिव गृह को प्रस्तुत किया जाए। इसमें प्रवर्तन और पुनर्वास से जुड़े पहलुओं को शामिल करने को कहा गया है।
देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने मादक पदार्थों से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि व्यावसायिक मात्रा में पकड़े गए मामलों में लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही पुलिस विभाग को सप्लाई चेन तोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।
श्री बर्धन ने आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के बीच नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, शिक्षण संस्थानों में एंटी ड्रग क्लब बनाने और स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।
मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 के व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश भी दिए, ताकि लोग मादक पदार्थों से संबंधित जानकारी आसानी से साझा कर सकें।

नोटिस

हरिद्वार में नगर निगम ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी गई है। इस मामले में 15 कर्मियों को नोटिस जारी किए गए हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।
जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित कर्मी तुरंत जनगणना कार्य का दायित्व संभालें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ जनगणना अधिनियम 1948 के तहत कार्रवाई की जाएगी।
नगर निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 187 के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।
नोटिस पाने वालों में मध्य गंगा नहर खंड–2 के कर्मचारी और शिक्षा विभाग के शिक्षक व अन्य कर्मचारी शामिल हैं।
प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कर्मियों ने तुरंत कार्यभार नहीं संभाला तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने की अपील की गई है।

लक्ष्य हासिल

भारत ने पांच साल पहले ही गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 50 प्रतिशत बिजली प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने नई दिल्ली में एक सम्मेलन में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। श्री जोशी ने बताया कि भारत ने 2025–26 में 55 दशमलव दो–नौ गीगावाट गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल की। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां नवीकरणीय ऊर्जा निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती हैं।

मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। विशेषकर उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में बारिश और अत्यधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक सी.एस. तोमर के अनुसार अगले एक सप्ताह में राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश और आंधी–तूफान की संभावना बनी हुई है।